लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

माघ कृष्ण पक्ष दशमी 6.05 एकादशी विक्रम संवत 2079

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, मंगलवार, 17 जनवरी 2023

PAGE NO : 6 MIDDLE

## मो. रफी बने एसआरएमएस वाइब्रेंट क्लब के अध्यक्ष

**बरेली।** एसआरएमएस इंस्टीट्यूट आफ पैरामेडिकल साइंसेज में सोमवार को वाइब्रेंट क्लब की नई कमेटी ने शपथ ग्रहण कर कार्यभार संभाला। इस मौके पर क्लब के नए प्रेसिडेंट मुहम्मद रफी व सचिव शीतल रावत ने विचार रखे। ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देवमूर्ति, ट्रस्ट एडवाइजर सुभाष मेहरा, पैरामेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डा. सीएम चतुर्वेदी, वाइस प्रिंसिपल डा. आशीष चौहान, आईएमएस के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा. आरपी सिंह, नर्सिंग कालेज के प्रिंसिपल डा. रितू चतुर्वेदी, डा. नीलिमा मेहरोत्रा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कमेटी की पूर्व वाइस प्रेसिडेंट उर्वी सिंह ने सभी का स्वागत किया। पूर्व कमेटी के पदाधिकारियों ने नए प्रेसिडेंट मुहम्मद रफी, वाइस प्रेसिडेंट कृतिका पांडेय शीतल रावत सहित सभी पदाधिकारियों और एग्जीक्यूटिव मेंबर्स के बैच लगाए। कमेटी के निवर्तमान प्रेसिडेंट पारख मणि चौहान ने मुहम्मद रफी को अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। चेयरमैन देवमूर्ति ने वाइब्रेंट क्लब के पूर्व पदाधिकारियों को सर्टिफिकेट प्रदान किए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए वाइब्रेंट क्लब की स्थापना की गई है।